हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

2 लगातार बारिश ने बिगाड़ा सब्जियों का स्वाद, आसमान पर पहुंची कीमतें



## खबर संक्षेप

### बैगा परिवारों से धोखा, दो साल से अधूरे पड़े मकान



**अनूपपुर।** भारत सरकार का सपना है कि कोई भी गरीब बेघर न रहे, लेकिन अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायत टांकी में ये सपना टूटता दिख रहा है। यहां के बैगा आदिवासी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर बड़ा धोखा मिला है। दो साल से उनके स्वीकृत मकान अधूरे पड़े हैं और वे आज भी खुले आसमान के नीचे जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं। टांकी पंचायत के कई गरीब बैगा परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मंजूर हुए थे। इन मकानों को पूरा कराने की जिम्मेदारी जिस पर थी, उसी ने विश्वासघात किया। स्थानीय रोजगार सहायक पर आरोप है कि उसने मकान निर्माण की सारी सरकारी राशि हड़प ली है। इसका नतीजा ये है कि दो साल बाद भी ये मकान अधूरे हैं और लाभार्थी परिवार दर-दर भटक रहे हैं। जिन अत्यंत गरीब बैगा आदिवासियों के पास खुद की झोपड़ी तक नहीं थी, उन्हें पक्के मकान का सपना दिखाया गया। मगर अब न उन्हें छत मिली है, न ही इंसाफ। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग आज भी इन अधूरे मकानों में असुरक्षित जीवन काट रहे हैं। बारिश में भीगते हैं, सर्दी में ठिठुरते हैं और गर्मी में झुलसते हैं, यह उनकी रोजमर्रा की हकीकत बन गई है।

### हसदेव कोयला खदानों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन



**बिजुरी।** 9 जुलाई को देशव्यापी ट्रेड यूनियन आंदोलन का हसदेव क्षेत्र की कोयला खदानों पर व्यापक असर देखने को मिला। बिजुरी, कोरजा, बहेराबांध, झिरिया सहित राजनगर और अन्य सभी कोयला खदानों में लगभग 95 प्रतिशत काम पूरी तरह से ठप रहा, जिससे कोयला उत्पादन और परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हसदेव क्षेत्र के हजारों श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केन्द्र सरकार की कथित श्रमिक-विरोधी नीतियों और निजीकरण के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए श्रमिकों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया।

### ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** ओबीसी महासभा ने अनूपपुर में राष्टपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी 14 सूत्रीय मांगों को रखा है। इसमें प्रमुख रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने और आगामी जनगणना में जातिगत जनगणना को अनिवार्य करने की मांग की गई है। महासभा का कहना है कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग की जितनी भागीदारी है, उस हिसाब से उन्हें उसका लाभ नहीं मिल रहा है और इस उपेक्षा को अब सहन नहीं किया जाएगा। ओबीसी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष हीरालाल पटेल के नेतृत्व मेंएक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्टपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

### जिले में अब तक 365.6 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मानसून ने जोर पकड़ लिया है और लगातार हो रही बारिश से खेतों में हरियाली की उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 38.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि भरतपुर तहसील में अब तक की सर्वाधिक 415.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 10 जुलाई तक जिले में कुल औसत 335.6 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज गई जानकारी के अनुसार खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 277.5 मिमी, खड़गवां में 318.9 मिमी, चिरमिरी में 345.2 मिमी, केल्हारी में 268.5 मिमी, भरतपुर में 415.7 मिमी और कोटाडोल में 387.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## सिटी कोतवाली पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# शहर में चोरी की बड़ी वारदातें, अब तक खुलासा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर व आस-पास के क्षेत्रों में चोरों के हौसले बढ़ गए है और पुलिस आरोपियों तक पहुंच नहीं पा रही है कि एक के बाद एक चोरी की घटना को अंजाम दे पुलिस को चुनौती दे रहे है। चोरी के क्रम में शहर के मुख्य मार्ग में जिस दुकान के शटर का ताला तोड़कर बीते दिनों चोरी की घटना घटित हुई थी, एक सप्ताह बीता नहीं कि उसी दुकान के एक कर्मी की बाइक चोरी गुरूवार को हो गई। आरोपी सीसीटीव्ही में कैद हो गए है। इस मामले की सूचना पुलिस को देने पर मौके पर पुलिस पहुंच मौका मुआयना किया। शिकायत पर पुलिस मामले को विवेचना में लिया।

घटना के संबंध में पीड़ति सुनील पिता मोहरलाल उम्र 39 ने बताया कि वह आशीर्वाद दुकान का कर्मचारी है। प्रतिदिन की तरह वह गुरूवार को अपनी बाइक दुकान के बगल में मंदिर के पास खड़ा कर अपने काम में लगा था, इसी दौरान रात्रि में देखा कि उसका बाइक उस जगह नहीं है, जहां वह खड़ा किया था। पीड़ति के अनुसार उसकी बाइक 7 बजे चोरी हुई है। बाइक चोरी करने के दौरान आरोपी सीसीटीव्ही में कैद हो गए। पीड़ति की बाइक शाम ढलने के बाद 7 बजे चोरी हुई, उस दौरान दुकान के पास में भीड़-भाड़ रहती है। ऐसे जगह सचे चोरों ने बेखौफ होकर लॉक की गई खड़ी बाइक को ले उड़े। विदित हो कि बीते दिनों मुख्य मार्ग स्थित आशीर्वाद दुकान से ही रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा दुकान का शटर का ताला तोड़कर दुकान के सामान व गल्ला में नगदी रकम ले भागने में सफल हुए थे। दुकान में चोरी की घटना घटित हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि दुकान के कर्मी की बाइक दुकान के पास से चोरी चली गई। निश्चित रूप से चोर पुलिस को चुनौती दे रहे है, एक के बाद एक चोरी की घटना से पुलिस के नाक में अज्ञात चोर दम कर रखा है।




### असुरक्षित महसूस कर रहे लोग

शहर व आस-पास के क्षेत्रों में जिस तरह से अज्ञात लोगों के द्वारा सूने घर को निशाना बनाया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में भी जिस तरह चोरी की घटना घटित हो रही है, इसे लेकर शहर के लोगों व व्यापारियों में असुरक्षा की भावना भर गई है। एक के बाद एक चोरी की घटना के बाद भी आरोपियों का पुलिस पकड़ से बाहर रहना निश्चित रूप से पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दी है। वहीं पुलिस आरोपियों को जल्द पकड़ने का दावा करती है, लेकिन पिछले चोरी की घटना के आरोपियों तक भी पुलिस

### अफसरों के घर हुई चोरी का सुराग नहीं

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिंदडॉड में निर्मित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक ही रात में 6 अधिकारियों के सुने आवास का ताला तोड़कर बड़ी चोरी की घटना को अज्ञात लोगों के द्वारा अंजाम दिया गया था। सूचना पर पुलिस दल बल एवं डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच मौका मुआयना किया गया। चोरी की घटना घटित हुए एक सप्ताह का समय बीत गया, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली है। इस तरह इन दिनों पुलिस सुस्त और चोर चुश्त हो गए है। सुरक्षित माने जाने वाले हाउसिंग बोर्ड कालोनी में चोरी की घटना प्रकाश में आने के बाद लोग अपने घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### शिक्षक के घर चोरी के आरोपी भी गिरफ्त से बाहर

सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिंडडॉड में एक पखवाड़े पहले शिक्षक के सूने मकान में हुई चोरी की घटना में शामिल आरोपियों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है। जानकारी के अनुसार शिक्षक बंटी महाराज घटना के दिन मप्र अपने निजी कार्य से गए थे और मध्य रात्रि पश्चात लौटे तो देखा कि उनके घर का ताला तोड़कर नगदी रकम एवं सामानों की चोरी हो गई। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के एक पखवाड़ा बीत गया, लेकिन अब तक पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई।

# शासकीय राशि का गबन करने वाले दो सचिव सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




- निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर जिपं सीईओ ने की कार्रवाई

जिले में शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि गबन कर कार्य अधूरा छोड़ने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों को जिला प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश व जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।

डॉ. चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि शासकीय धन का गबन गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निलंबन आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत कचोहर के सचिव लालमन सोनवंशी पूर्व में ग्राम पंचायत अकलासरई में पदस्थ थे। वहां राजीव गांधी सेवा केन्द्र निर्माण के लिए 1 लाख 10 हजार रूपए आहरित किए गए थे, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। संतोषजनक जवाब न देने पर इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जनपद पंचायत सोनहत कार्यालय में संलग्न किया गया है। अब ग्राम पंचायत कचोहर का प्रभार धन सिंह को सौंपा गया है। वहीं दूसरा मामला ग्राम पंचायत कछाड़ी का है। इस मामले में ग्राम सचिव रामचरण पूर्व में ग्राम पंचायत कछाड़ी में पदस्थ थे। इन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण के लिए 21 हजार रूपए आहरित किए, लेकिन कार्य अधूरा रहा। बार-बार नोटिस देने के बावजूद जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर इन्हें भी निलंबित किया गया है। दोनों सचिवों को छग पंचायत सेवा आचरण नियम 1998, ग्राम पंचायत सचिव कृत्य नियम 1999 तथा अनुशासन व अपील नियम 1999 के तहत दोषी पाया गया और नियम 4 (क) व 4 (ख) अंतर्गत कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक सतर्कता और अधिक बढ़ाई जा रही है।

# शिवालयों में श्रद्धालुओं की रही भीड़

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास के प्रथम दिन जिले के शिव मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। भगवान शिव की पूजा के पावन माह श्रावण के आगमन के साथ ही शिवभक्तों में खास उत्साह देखा गया। सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण एवं रूद्राभिषेक की तैयारियां आरंभ हो गई थीं।

हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालु न केवल नगर से, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचल से भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन व पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचे। नगर के प्रमुख शिव मंदिरों सिद्धबाबा मंदिर, हसदेव गंगा तट, नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर स्थित शिवालय तथा हनुमान मंदिर शिवधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, रूद्रपाठ और विशेष श्रृंगार का भी आयोजन किया गया। मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, जल व्यवस्था और कतारबद्ध दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है और इस पूरे माह में भगवान शिव की आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।



श्रावण मास की शुरूआत

इस विश्वास के साथ भक्तों ने पूरे श्रद्धा-भाव से भोलेनाथ का अभिषेक किया। माना जा रहा है कि इस बार श्रावण का पावन मास 17 अगस्त तक चलेगा, इस दौरान प्रत्येक सोमवार को नगर के शिवालयों में इसी तरह श्रद्धा की बयार बहती रहेगी। भक्तों की आस्था और आयोजनों की भव्यता ने श्रावण की शुरूआत को यादगार और आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायक बना दिया।

### अपर कलेक्टर को सौंपी गई भरतपुर न्यायालय की जिम्मेदारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर के नागरिकों की सुविधा के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने नवपदस्थ अपर कलेक्टर विनायक शर्मा को भरतपुर स्थित अपर कलेक्टर न्यायालय की जिम्मेदारी सौंपी है। इस निर्णय से अब भरतपुर ब्लॉक के रहवासियों को न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विनायक शर्मा भरतपुर अनुविभाग में नियमित रूप से जनदर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनेंगे और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। जनदर्शन प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ मंगलवार को प्रातः 11:00 से दोपहर 1 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अपर कलेक्टर न्यायालय की कार्रवाई दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक भरतपुर स्थित राजस्व कार्यालय में संपन्न होगी।

### ये पुतले नहीं...



बैकुण्ठपुर। तस्वीर में दिखाई दे रहा दृश्य किसी पुतले का नहीं बल्कि छोटे स्कूली बच्चों के द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के दौरान लिलिपुट बनकर उपस्थित लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे।

# फलाहारी मंदिर में श्रद्धा व भक्ति से पूजन



**मनेन्द्रगढ़।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर फलाहारी मंदिर में फलाहारी बाबा जी की पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न की गई। नदी किनारे स्थित विजय हनुमान टेकरी में भी इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूजा कार्यक्रम में गुरू भाईयों की काफी संख्या में सहभागिता रही। भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, इससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। संगीतमय भजन, ढोल-मंजीरों की ताल और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। गौरतलब है कि फलाहारी बाबा जी के अनुयायियों की संख्या इस क्षेत्र में काफी अधिक है, जो उन्हें न केवल गुरू, बल्कि आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में मानते हैं।

# शासन का नियम एक, जिले में नियम अलग-अलग : गुलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- प्रशासनिक लापरवाही तथा शिक्षकों के साथ अन्याय: कमरो

छग शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्र-छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना तय हुआ।

इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रत्येक विद्यालय में आवश्यकता के अनुरूप विषयवार शिक्षक उपलब्ध रहें और विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो, परंतु हाल ही में सामने आए कोरबा और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिलों के मामले ने इस पूरी प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों ही जिलों में समान परिस्थितियों के बावजूद युक्तियुक्तकरण के आदेश अलग-अलग नियमों के तहत जारी किए गए। इस असमानता के खिलाफ पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कड़ा विरोध जताया और इसे प्रशासनिक लापरवाही तथा शिक्षकों के साथ अन्याय बताया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि शिक्षा विभाग की मंशा तो छात्र-छात्राओं के हितों की शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की थी, लेकिन अलग-अलग जिलों में नियमों की अलग-अलग व्याख्या करके इस प्रक्रिया को भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की भेंट चढ़ा दिया गया। एमसीबी जिले के माध्यमिक शाला नई लेदरी में भी ठीक ऐसी ही स्थिति थी, वहां भी 6 शिक्षक पदस्थ थे, जिनमें 3 विज्ञान विषय के थे। लेकिन यहां नियमों को दरकिनार करते हुए केवल 1 विज्ञान शिक्षक को अतिशेष किया गया और उसके स्थान पर हिंदी विषय की एकमात्र शिक्षिका को अतिशेष घोषित कर दिया गया। यह न केवल नियमविहीन निर्णय था, बल्कि हिंदी विषय के छात्रों के साथ भी अन्याय प्रतीत होता है। विधायक श्री कमरो ने सवाल उठाया कि जब राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमावली जारी की गई थी और हर जिले में युक्तियक्तकरण समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता जिले के कलेक्टर करते हैं, तो फिर एमसीबी जिले में नियमों की ऐसी अनदेखी क्यों हुई।

### हाई सिक्योरिटी वाले नंबर प्लेट के लिए लगेंगे शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला परिवहन कार्यालय कोरिया द्वारा वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) उपकरण शिविर का आयोजन आगामी 14 से 19 जुलाई तक जिले के विभिन्न स्थलों पर किया जाएगा। इस संबंध में कशफ परिवहन सुविधा केन्द्र, झगराखांड मनेन्द्रगढ़ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविर संचालन सुनिश्चित करें। जारी कार्यक्रम के अनुसार 14 और 15 जुलाई को शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में, 16 जुलाई को तहसील कार्यालय में, 17 जुलाई को नगर पंचायत खोंगापानी में, 18 जुलाई को नगर पंचायत लेदरी में और 19 जुलाई को जीएम ऑफिस लेदरी में किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा इस पहल का उद्देश्य जिले के नागरिकों को एचएसआरपी प्लेट लगवाने की प्रक्रिया में सरलता प्रदान करना है, जिससे समय और यात्रा की बचत के साथ-साथ व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जा सके।

## जिला पंचायत के पीछे उन्नत किस्म के लगाए गए 100 पौधे

# सावन के पहले दिन फलदार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन माह की हरियाली की शुरूआत कोरिया जिले में विशेष रूप से यादगार बन गई, जब एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन और पंचायत विभाग के नेतृत्व में ग्राम चेरवापारा में बड़े पैमाने पर फलदार पौधों का रोपण किया गया।

जिला पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित लगभग डेढ़ एकड़ रिक्त शासकीय भूमि पर आम, आंवला, कटहल, लीची, जामुन और अमरूद के करीब 100 पौधे लगाए गए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वयं फावड़ा उठाकर उन्नत किस्म के आम का पौधा लगाया और पानी डालकर यह संदेश दिया कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना सरल है, लेकिन उसकी परवरिश बच्चों की तरह करना ही असली काम है। पौधों को मवेशियों से बचाना, खरपतवार हटाना और समय-समय पर देखरेख करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य केवल फल या छांव प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ संपूर्ण जीव-जगत और पर्यावरण को मिले, यह सोचकर पौधे लगाए जाने चाहिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने औषधीय गुणों से भरपूर आंवले का पौधा लगाया और कहा कि जैसे कुपोषित बच्चों को पोषण देकर सशक्त बनाना हमारी जिम्मेदारी है, वैसे ही बंजर भूमि को हरित बनाना भी हमारा दायित्व है।



उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए प्राणवायु, भूजल स्तर में वृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पौधरोपण स्थल पर सेल्फी पाइंट भी बनाया गया था, इसमें काफी संख्या में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सेल्फी फोटो ली गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, सुरेश सिंह, श्रीमती शिव कुमारी सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर प्यारेलाल साहू तथा जिला प्रशासन और पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस अभियान में पूरे उत्साह से शामिल हुए और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

# डीएमएफ कार्यों के भुगतान में सख्ती अंतिम किस्त अब गुणवत्ता जांच के बाद

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 से आज दिनांक तक जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत स्वीकृत निर्माण एवं अन्य सभी कार्यों की भुगतान प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें समस्त विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे निम्नानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अभी तक निर्माण कार्यों के लिए प्रथम किस्त में 40 प्रतिशत तथा द्वितीय किस्त कार्य के मूल्यांकन के आधार पर और अन्य कार्यों में विभागीय मांग पत्र के आधार पर द्वितीय किस्त का भुगतान किया जाता रहा है, किंतु यह देखा गया है कि विशेष रूप से आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवनों जैसे निर्माण एवं मरम्मत कार्य जो मानसून पूर्व पूर्ण कर दिए जाते हैं उनकी गुणवत्ता वर्षा पश्चात ही स्पष्ट हो पाती है, जिससे इस कार्यालय को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 से स्वीकृत कार्यों के भुगतान के लिए नई प्रक्रिया लागू की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रथम किस्त 40 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभाग का कार्य प्रस्ताव तकनीकी प्रतिवेदन, निरीक्षण, प्रतिवेदन स्थल का जीओ टैग फोटो, नक्शा, खसरा, प्रस्तावित स्थल विवरण कार्य का औचित्य एवं यदि निर्माण के अलावा कोई कार्य है तो उसका संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। द्वितीय किस्त 50 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभागीय मांग पत्र निरीक्षण प्रतिवेदन, कार्य का गुणवत्ता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, मूल्यांकन एमबी की प्रमाणित प्रति, कार्य का जीओ टैग फोटो तथा संबंधित कार्यालय प्रमुख जो कार्य का दैनिक लाभ लेता हो उसका सत्यापन शामिल किया जाएगा। तृतीय एवं अंतिम किस्त 10 प्रतिशत की होगी। जिसमें विभागीय मांग पत्र, निरीक्षण प्रतिवेदन, उपयोगिता प्रमाण पत्र, कार्य पूर्ण होने का जियो टैग फोटो संबंधित कार्यालय प्रमुख का सत्यापन कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता प्रमाण पत्र तथा अंतिम मूल्यांकन एमबी की प्रमाणित प्रति अनिवार्य होगी। साथ ही यह अंतिम भुगतान 1 नवंबर के बाद ही किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद ही कार्य की गुणवत्ता की जांच के आधार पर अंतिम भुगतान स्वीकृत किया जाएगा और इस निर्धारित भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की छूट केवल विभाग प्रमुख द्वारा पृथक से प्रस्तुत पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही दी जा सकेगी। कलेक्टर द्वारा लिया गया यह निर्णय डीएमएफ मद से होने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं जनता को स्थायी लाभ पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त और पारदर्शी पहल मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### हड़ताल के कारण लक्ष्य का 25 प्रतिशत हो सका कोल उत्पादन

**बिश्रामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम सुधार कानून सहित अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल का बिश्रामपुर व भटगांव क्षेत्र में आंशिक असर रहा।बिश्रामपुर क्षेत्र सामान्य दिनों की तरह बुधवार को करीब 2 हजार टन कोयला का उत्पादन किया, वहीं कोल डिस्पैच आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है।हड़ताल दिवस को बिश्रामपुर क्षेत्र ने उत्पादन की अपेक्षा दोगुना से ज्यादा 4486.82 टन कोयला रोड सेल के माध्यम से सम्बंधित पार्टियों को भेजा गया है।हड़ताल दिवस खदानवार कोयला उत्पादन की प्राप्त जानकारी अनुसार रेहर खदान को 226 टन कोयला उत्पादन करना था जबकि खदान से महज 20 टन ही कोयला निकाला जा सका।गायत्री खदान का लक्ष्य 1774 टन था जबकि यहां से महज 627 टन कोयला निकाला जा सका, देश की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान प्राप्त लक्ष्य 1516 टन की जगह 1300 टन कोयला निकाल सकी है।क्षेत्र की अन्य खदानों में आमगांव खदान से महज 60 टन कोयला उत्पादन हुआ।इस प्रकार क्षेत्र एकदिवसीय लक्ष्य 8,355 की जगह 2007 टन कोयला उत्पादन किया।जबकि क्षेत्र में हड़ताल दिवस 8400 क्यूबिक मीटर ओबी हटाने का का कार्य आमगांव खदान से हुआ है।वहीं भटगांव क्षेत्र से भी हड़ताल दिवस सामान्य दिनों की तरह 12 हजार टन कोयला का उत्पादन किया।दोनों क्षेत्रों में कोल कर्मचारियों की उपस्थित पचास प्रतिशत से अधिक रही है।

### महेशपुर की धरोहर उपेक्षित नाराज हुए प्रबल



**केदमा।** जिले के महेशपुर स्थित पुरातात्विक स्थल पर पहुंचे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने मूर्तियों की देखरेख में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यहां की ऐतिहासिक धरोहरों की सफाई और संरक्षण पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। मूर्तियों पर मिट्टी जमी है और कीड़े-मकोड़े घर बना चुके हैं। जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर महेशपुर में शैव, वैष्णव और जैन धर्म से जुड़ी कई प्राचीन मूर्तियां और कलाकृतियां मौजूद हैं। यहां अब तक चार टीले खुदाई में सामने आए हैं। इन टीलों से शिव-पार्वती के मंदिर और मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। महेशपुर का यह क्षेत्र रामगढ़ के पास रेण नदी के किनारे स्थित है। यहां 8वीं से 13वीं सदी के बीच की कला और संस्कृति का अद्भुत विकास हुआ था। रामगढ़, महेशपुर का भू-भाग भगवान राम के वनगमन मार्ग से जुड़ा माना जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार, जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका यहां रेण नदी के रूप में प्रवाहित होती हैं। जूदेव ने यहां स्थापित प्राचीन शिवलिंग के दर्शन किए। प्राकृतिक सौंदर्य और कलाकृतियों को देखकर वे प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा करने की बात कही।

### सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूक में न करें समय नष्ट, शीघ्र पंहुचे अस्पताल

**सूरजपुर।** वनांचल क्षेत्र होने के कारण बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा वर्षा का पानी बिलों में भर जाने के कारण भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छू सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं। भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं औरलोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं। झाड़-फूक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐसे में मामलों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं। सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में 340, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2221 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 751 एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने किया गया पौधरोपण



**करवां।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और मातृत्व के प्रति श्रद्धा प्रकट करने की भावना से प्रेरित होकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल नवापारा लटोरी के खान प्रबंधक एमके चतुर्वेदी, सेफ्टी ऑफिसर प्रकाश चंद्रा, अभियंता अभिषेक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। प्रधानाध्यापक द्वारा योजना की महत्ता और इसके दूरगामी प्रभावों पर प्रकाश डाला। खान प्रबंधक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मां का स्थान हमारे जीवन में सबसे ऊपर है और पेड़ प्रकृति की मां के रूप में जीवनदायिनी हैं। यह केवल एक पौधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित धरोहर है। अतिथियों एवं स्कूली बच्चों ने साथ मिलकर आम, मुनग़ा, कटहल, काजू, गुलमोहर एवं सजावटी पौधे विद्यालय परिसर में लगाए। लटोरी खान प्रबंधक की टीम के द्वारा आज हाई स्कूल लटोरी, माध्यमिक शाला लटोरी भंडार पारा, माध्यमिक शाला गजाधरपुर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शिक्षकों व एसईसीएल टीम ने पौधों की देखभाल का उत्तरदायित्व भी लिया। साथ ही लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनोज कुमार राजवाड़े, राघव प्रसाद, रवि शंकर सोनी, बद्री प्रसाद एक्का, नंदकिशोर कुशवाहा, शमा बेगम व अन्य उपस्थित थे।

## आम आदमी की पहुंच से दूर हुई सब्जियां

# लगातार बारिश ने बिगाड़ा सब्जियों का स्वाद, आसमान पर पहुंची कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बिगड़ रहा रसोई का बजट

सरगुजा में 20 दिनों तक हुई लगातार बारिश से सब्जियों की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा फसल खराब होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। हालत यह है कि आलू, प्याज को छोड़कर अन्य सभी सब्जियों की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। सब्जी विक्रेता मौसम के अनुकूल रहने पर एक पखवाड़े में कीमतें सामान्य स्थिति में पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

बरसात के मौसम में हर साल सब्जियों की कीमत में उछाल आता है लेकिन लम्बे अर्से बाद इस बार जून में ही कीमतें आसमान पर पहुंच गई। आलू, प्याज की कीमतें यथावत हैं जबकि अन्य सब्जियों के दामों में चारगुना से अधिक की वृद्धि हो गई है। कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि होने के कारण सब्जियां सामान्य लोगों की पहुंच से दूर हो गई हैं वहीं मध्यम वर्गीय परिवार के बजट को बिगाड़ रही है। यह भी सच है कि सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में सरगुजा के किसान प्रदेश स्तर पर लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं। सब्जी उत्पादन के रकबे में भी लगातार वृद्धि हो रही है इसके बावजूद बरसात में मांग के अनुरूप सब्जियों का उत्पादन नहीं हो रहा है। पूर्व में बरसात के समय सरगुजा में टमाटर का उत्पादन नहीं होता था लेकिन उत्पादक किसानों ने अपनी मेहनत से ब बड़े पैमाने पर बरसात में टमाटरका उत्पादन कर अच्छी कमाई कर रहे हैं। अन्य सब्जियों का भी उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है लेकिन किसानों को अभी तक लगातार बारिश से फसलों को बचाने का उपाय नहीं मिल पाया है। जानकारों का कहना है कि मई में मौसम अनुकूल होने एवं अच्छी वर्षा होने के कारण कृषकों ने टमाटर सहित अन्य बरसाती सब्जियों की फसल लगा दिए थे। जून में जैसे ही फल आने शुरू हुए बारिश प्रारंभ हो गई। लगातार 20 दिनों तक बारिश होने के कारण सब्जियो की फसल रूग्ण होकर सड़ने लगी। इस बीच धूप नहीं निकलने के कारण अधिकांश फसल गल गई। टमाटर एवं मिर्च की 75 फीसदी से अधिक फसल खराब हो गई वहीं अन्य सब्जियों की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। लगातार बारिश के कारण बची फसल में फल-फूल आना बंद हो गया। उत्पादन कम होने एवं मांग अधिक होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। हालत यह है कि बरसात में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाला कुंदरू भी 60 रूपए किलो बिक रहा है। बरसात में होने वाले कोचई, साखेन आदि भी दोगुने कीमत पर बिक रहे हैं।



गुदरी बाजार मे सब्जी बेचते ग्रामीण, इनसेट में पुटू बेचते व्यापारी।

### पुटू 400 रुपए किलो

सरगुजा में जंगलों में बहुतायत में पाए जाने वाले पुटू, खुखड़ी की भारी मांग है। प्रारंभ में 600 रूपए किलो बिकने वाला पुटू अब 400 रूपए किलो बिक रहा है तथा लोग इसे खरीद भी रहे हैं। अभी खुखड़ी की आवक बेहद कम हो रही है। लोग इसे प्राकृतिक मशरूम की किस्म बताते हैं तथा इसके स्वाद को काफी पसंद करते हैं। सरगुजा का पुटू अब महानगरों तक पहुंच गया है। पुटू एवं खुखड़ी की कीमतें अत्यधिक होने के बावजूद इसकी जमकर बिक्री हो रही है।

#### बैंगलोर से पहुंच रहा टमाटर

टमाटर की कीमतें 60 रूपए किलो पहुंच गई थी। बारिश में उत्पादन प्रभावित होने के बाद अब व्यापारी बैंगलोर का टमाटर मंगा रहे हैं। बैंगलोर का टमाटर पहुंचने के बाद स्थायी टमाटर का क्रेज कम हो गया है टमाटर उपलब्धता के आधार पर 35-40 रूपए किलो बिक रहा है। बरसात के समय व्यापारी पड़ोसी राज्यों एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से सब्जियां मंगाते हैं लेकिन लगातार बारिश के कारण बाहर से आने वाली सब्जियां खराब हो जा रही हैं जिसके कारण व्यापारी बाहर की सब्जियां नहीं मंगा रहे हैं। मौसम में बदलाव होने एवं बीच-बीच में नियमित धूप निकलने पर सब्जियों का उत्पादन बढ़ने एवं दूसरे राज्य से भी सब्जियों की आवक होने पर कीमतों में कमी आने की संभावना जताई जा रही है।

#### लगातार बढ़ रहा रकबा

सरगुजा सम्भाग में सब्जी की खेती का रकबा लगातार बढ रहा है। ऊंचे खेतों में दलहन-तिलहन की खती करने वाले किसान भी सब्जियों की खेती को अपना रहे हैं क्षेत्र की मिट्टी एवं मौसम के अनुसार विभिन्न किस्मों की खेती कर रहे हैं। इतना सबकुछ होने के बावजूद लगातार बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। हालत यह है कि करेला, बरबट्टी, डोड़का, परवल 80 रूपए किलो की दर से बिक रहा है।

#### 15 दिन में होगा सुधार

लगातार बारिश होने के कारण फसलों के खराब होने एवं उत्पादन घटने के कारण कीमतें बढ़ी हैं। अब धूप निकल रही है। मौसम अनुकूल रहा तो एक सप्ताह में उत्पादन बढ़ जाएगा तथा 15 दिन में कीमतें सामान्य हो जाएंगी।

-काशी प्रसाद केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

## एनएच 43 स्थित सिलफिली कालीघाट मार्ग बदहाल

- शीघ्र मरम्मत कराने जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मरम्मत नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-अम्बिकापुर को जोड़ने वाली एन एच 43 की स्थिति दिन ब दिन बदहाल हो चली है जो कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के लिए असहनीय स्थिति बन रही है।खासकर सिलफिली बटालियन से लेकर कालीघाट तक का मार्ग इस कदर जर्जर हो चुका है कि हर गुजरने वाले वाहनों को दुर्घटना होने का भय बना रहता है।जगह-जगह बने खतरनाक गड्ढों ने इस महत्वपूर्ण राजमार्ग को दुर्घटना पथ में तब्दील कर दिया है। इस गंभीर स्थिति को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कलेक्टर सूरजपुर को एक ज्ञापन सौंपकर इसकी शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की है है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य आरंभ नहीं किया गया, तो वे ग्रामीणों और स्थानीय जनसमूह के साथ मिलकर एन एच चक्का जाम व आंदोलन करेंगे।गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के इस हिस्से में सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया व मालवाहक वाहन गुजरते हैं, सिलफिली से कालीघाट तक के रास्ते में छोटे-बड़े गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर, निकली हुई गिट्टी और बारिश के पानी से लबालब भरे गढ्ढों में से गुजरना आफत भरा सफर है।नेशनल हाइवे पर हो रही लगातार दुर्घटनाओं से आम नागरिकों में अब भारी आक्रोश पनप रहा है। रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चे, आपातकालीन स्थिति के मरीज, ग्रामीण, व्यापारी, कामकाजी युवा और महिलाओं को इस रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है और कभी भी वे बड़ी दुर्घटना का शिकार बन सकते हैं, ख़ासकर दो पहिया वाहन चालकों को तो भारी खतरा है।जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा कि यह केवल सड़क की बात नहीं है,यह लोगों की जान की सुरक्षा का सवाल है,राज्य सरकार के लिए भले ही यह केवल एक फाइल का मामला होगा।यदि एक सप्ताह के अंदर सड़क मरम्मत का कार्य नहीं शुरू किया गया, तो यह आंदोलन अब जनसंघर्ष का रूप लेगा।

## गुरु पूर्णिमा के साथ मना शाला प्रवेश उत्सव



**लखनपुर।** शासकीय हाई स्कूल लोसगा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गुरु और अपने माता-पिता को सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीके गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी की उपस्थिति में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठय पुस्तक, गणवेश का वितरण करने के साथ ही मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। वहीं स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्रचार्य इशरत सुल्ताना अख्तर, धनंजय देवांगन, हेमसागर प्रधान, विकी कन्नुजिया, हरीश तिवारी, शिवकुमार नागेश, अंजना टोप्पो, मोहन मुरलीधर, मतीन अख्तर, सरपंच हरिलाल लकड़ा, पंच, पालक एवं ग्रमीण और स्कूल के बालक बालिका उपस्थित थे।

## पांचवीं-आठवीं की अंकसूची में त्रुटि बच्चे व अभिभावक दोनों परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

सूरजपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सिलफिली क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष कक्षा 8 वीं के रिजल्ट में हुई गंभीर गड़बड़ी ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को गहरे संकट में डाल दिया है। रिजल्ट में त्रुटियों के चलते कई बच्चों का कक्षा 9 वीं में प्रवेश रुक गया है, जिससे न सिर्फ शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है बल्कि बच्चों के भविष्य पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।बताया जा रहा है कि कक्षा 8 वीं का जो वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया है, उसमें नाम, माता व पिता का नाम और विषयवार विवरण में भारी विसंगतियां पाई गई हैं। इन गड़बड़ियों के चलते बच्चों को आगे की कक्षा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। नतीजा यह कि जहां एक ओर नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, वहीं ये बच्चे और उनके अभिभावक स्कूलों के चक्कर लगाते फिर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि वे लगातार शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिल रहा है।इस पूरे मामले में सबसे चिंता की बात यह है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। न तो कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और न ही कोई उचित कदम उठाए जा रहे हैं ।इससे लोगों में विभाग की कार्यशैली को लेकर गहरी नाराजगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने चेताया है कि यदि शीघ्र ही रिजल्ट की गलतियों को सुधारते हुए बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई, तो जन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

#### दूसरी बार छपी अंकसूची उसमें भी गड़बड़ी

बताया जाता है कि नई शिक्षा नीति के तहत इस वर्ष पांचवी आठवीं की केंद्रीयकृत(बोर्ड) की परीक्षा ली गई थी जिसमें जिलावार बच्चों के प्राप्तांक व उनके डीटेल एक्सल डाटा में संग्रह कर मार्कशीट प्रिंटिंग के लिए रायपुर भेजा गया था, जहां पहली बार भेजी गई अंकसूची में बड़ी त्रुटि मिलने के बाद उसका वितरण रोक दिया गया था, बाद में सुधार कर दूसरी बार अंकसूची आई है उसमें भी कई विद्यार्थियों के नाम सहित अन्य विवरण में त्रुटि मिल रही है जिससे बच्चों और अभिभावक परेशान हैं।इस संबंध में सूरजपुर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोरते ने बताया कि दूसरी बार भी रायपुर से बनकर आई अंकसूची में गड़बड़ी की जानकारी मिली है गड़बड़ी वाले अंकसूची का वितरण रोक दिया गया है।डाटा संग्रह कर पुनः रायपुर भेज रहे है सुधार के बाद अंकसूची का वितरण होगा,इसमें परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है,प्रवेश के लिए किसी भी बच्चे को दिक्कत न हो इसके लिए सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है, स्कूल के रिकॉर्ड के आधार पर बच्चों को संबंधित विद्यालय में तत्काल प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है।

### नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप के साथ पकड़ा गया युवक

**सूरजपुर।** घर में अवैध रूप से नशीला इंजेक्शन एवं कफ सीरप की बिक्री कर रहे युवक को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने युवक के विरुद्ध एनडीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी उप निरीक्षक प्रदीम वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि महुआ पारा निवासी मनीष साहू घर में अवैध रूप से नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप बिक्री कर रहा है। सूचना पर आबकारी की टीम ने मनीष के घर दबिश देकर उसके पास से 20 नग इंजेक्शन एवं 16 न कफ सीरप बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन एवं कफ सीरप को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक देवेंद्र कुमारी सहित अन्य सक्रिय रहे।

### जयनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**बिश्रामपुर।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े रहे।अन्य अतिथियों में मंडल महामंत्री देवशरण सिंह,एसएमडीसी अध्यक्ष कृष्णपाल बिंझिया,प्राचार्या सुफियाना खलखो व कलिस्ता अक्खड़,शांतनु सिंह चौहान,जनपद सदस्य धनेश्वरी सिरदार,विनोद कुमार बिंझिया,ब्रह्मदेव बिंझिया, बीडीसी प्रतिनिधि निकुन सिरदार उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व पुस्तक देकर किया गया।स्वागत भाषण कृष्णपाल बिंझिया ने किया।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, मंडल महामंत्री देवशरण सिंह, शांतनु सिंह चौहान, विनोद कुमार बिंझिया ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं, उन्हें जैसा आकार देंगे वैसा ही बनेंगे व मजबूत होंगे।इस दौरान संकुल के समन्वयक हर्षनारायण शर्मा, आशीष पाण्डेय व अन्य उपस्थित थे, मंच का संचालन शिक्षिका उषा खलखो व आभार प्राचार्या सुफीयाना खलखो ने व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

## मंत्री के प्रयासों से मिली सूरजपुर को सड़क विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- भटगांव से अनरोखा पकनी मार्ग के चौड़ीकरण को मिली 10 .95 करोड़ की मंजूरी



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सूरजपुर जिले में भटगांव से अनरोखा पकनी तक 7.80 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण व निर्माण को राज्य शासन ने 10.95 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। यह मंजूरी वित्त विभाग की सहमति के बाद जारी हुई है। यह सड़क परियोजना आवागमन को सुगम बनाने के साथ व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों को भी गति देगी।

क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गंभीरता से लेकर सरकार के समक्ष लगातार रखा, जिसके फलस्वरूप स्वीकृति प्राप्त हुई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। यह सड़क बरसात में होने वाली दिक्कतों को खत्म कर एंबुलेंस, स्कूल वाहन व आपातकालीन सेवाओं की सुविधा बढ़ाएगी। परियोजना की गुणवत्ता और समय सीमा की निगरानी संबंधित विभाग द्वारा की जाएगी। यह कार्य न सिर्फ बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि क्षेत्रीय विकास का नया अध्याय भी जोड़ेगा।

### माध्यमिक शाला पोड़ी और सलका में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**मानीचौक।** क्षेत्र के माध्यमिक शाला पोड़ी और सलका में आज शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं एवं आठवीं के नवप्रवेशी छात्र,छात्राओं को अक्षत तिलक लगाकर कक्षा प्रवेश दिलाया गया। माध्यमिक शाला सलका रजवारी पारा में नव प्रवेशी 12 बच्चों को स्कूल के शिक्षकों ने बैग वितरण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच संगीता सिंह ने कहा कि शासन शिक्षा का स्तर को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण,गणवेश सहित अन्य योजना संचालित कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी पढ़ाई कर आगे बढ़ सके। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से प्रत्येक दिन बच्चों को स्कूल भेजने को बात कही। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान दिनेश सिंह, तिलसो बाई, अशोक कुमार, लक्ष्मी, शिवप्रसाद, सुनीता यादव, रंजना शर्मा, मोनी, महेश्वरी, तारा देवी, पूर्णिमा सोनी, विमला, दिलेश्वरी, गंगोत्री, साजन, प्रेम शंकर, शिवप्रसाद, लालू मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने ऑपरेशन तलाश अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

- 119 गुम इंसानों को किया परिजन के सुपुर्द

जिले की पुलिस ने ऑपरेशन तलाश में गुम हुए महिला एवं पुरूषों को दस्तयाब करने बड़ी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए 119 लोगों को दस्तयाब करने में सफल रही है। दस्तयाब के इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 1 से 30 जून तक ऑपरेशन तलाश चलाया गया। अभियान के पूर्व 381 गुम इंसान दर्ज किए गए थे।

एसएसपी ने अभियान के दौरान सफलता के लिए नोडल अधिकारी की चयन, टीमों को दस्तयाबी के लिए प्रोत्साहित कर लगाना एवं नई तकनीकी साधनों के बेहतर उपयोग एवं पूरी क्षमता के दस्तयाबी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान गुम हुए प्रत्येक व्यक्तियों के घर पर जाकर उनके परिजनों से संपर्क करते हुए हर एक प्रकरण की समीक्षा करने के उपरांत रणनीति बनाकर टीम का गठन कर ऐसे संभावित स्थान पर रवाना किया गया, जहां गुम व्यक्ति के मिलने की संभावना थी। अभियान में रेंज के सूरजपुर पुलिस गुम इंसान दस्तयाबी के प्रतिशत में प्रथम स्थान पर रहा। ऑपरेशन तलाश के तहत थाना सूरजपुर द्वारा 31, थाना चंदौरा 2, थाना भटगांव 19, थाना ओड़गी 5, थाना प्रतापपुर 10, थाना रामानुजनगर 22, थाना विश्रामपुर 13, थाना झिलमिली 5, थाना प्रेमनगर 3, थाना जयनगर 6, थाना चांदनी 3 जिसमें 103 महिला एवं 16 पुरूष सहित कुल 119 गुमशुदा व्यक्ति को दिल्ली, गोवा, बिहार व अन्य जिलों से दस्तयाब किया गया है। सभी गुम इंसानों को सकुशल उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। तलाश अभियान के दौरान थाना विश्रामपुर क्षेत्र की एक गुम महिला को दिल्ली के जाफराबाद में होने की जानकारी हाथ लगने पर पुलिस टीम दिल्ली जाकर काफी पतासाजी व खोजबीन और सूझबूझ का इस्तेमाल कर महिला को दस्तयाब करने में सफल रही, गुम महिला के 2 छोटे बच्चे है जिन्होंने अपनी मां को वापस पाकर उनके चेहरे खिल उठे। गुम इंसान की दस्तयाब के लिए चलाए गए ऑपरेशन तलाश के प्रभावी क्रियान्वयन, गठित टीम द्वारा दस्तयाब करने, दस्तयाब संवेदनशीलता से करने, संचार माध्यमों के जरिये बेहतर समन्वय बनाकर उत्कृष्ट कार्य पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने निरीक्षक जावेद मियांदाद, एएसआई राकेश यादव, मनोज द्विवेदी, राजकिशोर खलखो, क्षेत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर केरकेट्टा, करन नेताम, कृष्णकांत पाण्डेय, हीरालाल बखला, नवीन सिंह, महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा पैंकरा, प्रधान आरक्षक पवन कुमार, अनिल कुजूर, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक युवराज यादव व रोशन तिर्की को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।



### प्राथमिक व माध्यमिक शाला पालदनौली में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**ओड़गी।** प्राथमिक व माध्यमिक शाला पालदनौली में शाला प्रवेश उत्सव जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिल, बच्चों के लिए भयमुक्त वातावरण तथा विद्यालय के प्रति समुदाय की सहभागिता के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। कक्षा 1 ली व 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाने के साथ पाठ्य-पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। प्रदीप द्विवेदी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की बात कही। सरपंच ऋषिराज सिंह व उप सरपंच शशांक प्रताप सिंह द्वारा विद्यालयों को पंचायत स्तर से आवश्यक सहयोग व शिक्षकों से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान पर जोर दिया। पूर्व सरपंच रामपाल सिंह तथा सेवा निवृत्त शिक्षक दुर्गा सिंह व उमाशंकर तिवारी ने नव प्रवेशी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।



## बॉर्डर 2 के सेट से सामने आया दिलजीत का वीडियो

**मुंबई।** पंजाबी गायक और अभिनेता इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडयो शेयर किया है, जिसमें वह झूम रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में शाहरुख खान का एक गाना 'मेरे महबूब मेरे सनम' बज रहा है। वीडियो पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। दिलजीत दोसांझ 'बॉर्डर 2' के सेट पर काफी खुश दिखे। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है 'बहुत अच्छा स्टाइल है।' एक यूजर ने लिखा है 'पा जी आप ग्रेट हो।' उड़ता पंजाब के अभिनेता अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 के सेट से अक्सर अपनी वीडियो शेयर करते रहते हैं। कल भी उन्होंने सेट से एक वीडियो शेयर किया था।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## बिग बॉस 19 में आ सकती हैं नजर

महाकुंभ मेले में माला बेचने आई मोनालिसा रातों-रात सोशल मीडिया स्टार बन गई और अब तो उनका बॉलीवुड डेब्यू भी हो गया हैं। हाल ही में उनका उत्कर्ष सिंह के साथ एक म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब मोनालिसा इससे आगे बढ़ते हुए सलमान खान के मोस्ट पॉपुलर शो बिग बॉस के घर में एंट्री करना चाहती हैं। मोनालिसा का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया हैं। इस वीडियो में वह ब्लैक कलर का अनारकली सूट पहने बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। इस बीच जब उनसे पूछा गया कि आपको बिग बॉस में जाने का मौका मिलेगा, तो क्या आप जाएंगी? इस पर मोनालिसा ने तुरंत रिएक्शन देते हुए कहा हां जरूर, मैं जाऊंगी। हालांकि, अभी तक इस बात पर शो की तरफ से कोई पुष्टि नहीं हुई है कि मोनालिसा इस शो का हिस्सा होगी या नहीं।

सोशल मीडिया पर मोनालिसा का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं और यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं कि हम आपको बिग बॉस में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। खतरों के खिलाड़ी पोस्टपोन होने के बाद बिग बॉस-19 इस बार जल्दी टेलीकास्ट किया जाएगा, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगस्त के आखिरी में 29 या 30 अगस्त के वीकेंड में इसके प्रीमियर होने की उम्मीद है। इस बार का बिग बॉस सबसे लंबा चलेगा, जो कि 5 महीने का होगा. हालांकि, शो के प्रीमियर को लेकर अभी तक कोई कंफर्मेशन नहीं आई है।

हॉलीवुड मसाला




## डूम्सडे से सामने आई नई तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स भी आ रही है।




## सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बनीं...

**नई दिल्ली।** जुरासिक वर्ल्ड फ्रैंचाइजी और यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया की लेटेस्ट फिल्म 'जुरासिक वर्ल्डः रीबर्थ' ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाकर रख दी है। एक बार फिर डायनासोर की दुनिया में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाने में कामयाबी हासिल की है। 'जुरासिक वर्ल्डः रीबर्थ' ने रिलीज के आठ दिन के अंदर 349 मिलियन डॉलर (लगभग 2989 करोड़ रुपए) का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस स्कारलेट योहानसन ने हॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री का खिताब भी अपने नाम कर लिया है। 40 वर्षीय स्कारलेट जोहानसन ने इस फिल्म में ज़ोरा बेनेट की भूमिका निभाई है, जिसके जरिये उनकी जुरासिक फ्रैंचाइजी में एंट्री हुई है। उनकी फिल्मों की कुल कमाई ने उन्हें हॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्री बनाया है।



## धनुष ने शुरू की फिल्म डी54 की शूटिंग


**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार धनुष काफी दिनों से व्यस्त चल रहे हैं। वह हाल ही में फिल्म 'कुबेर' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड की फिल्म 'तेरे इश्क में' की शूटिंग पूरी की है। अब उन्होंने तमिल फिल्म 'डी54' की शूटिंग शुरू कर दी है। पोर थोझिल फेम विग्नेश राजा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। मेकर्स ने इसका ऐलान एक पोस्टर शेयर करके किया। पोस्टर में देखा जा सकता है कि धनुष गमगीन हालत में एक झुलसे हुए कपास के खेत में खड़े हैं। उनके पीछे आग की लपटें उठ रही हैं। विग्नेश राजा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला लुक साझा करते हुए लिखा 'अपनी दूसरी फीचर फिल्म का एलान करते हुए खुशी हो रही है।



## रोल निभाने के लिए छोड़ा जंक फूड व शराब

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवां को लेकर सुर्खियों में हैं। वह अपनी फिल्म के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में सलमान खान सोल्जर का किरदार निभाने के लिए अपने ऊपर काफी मेहनत कर रहे हैं। सलमान खान ने एक सोल्जर के किरदार में ढलने के लिए एक निजी ट्रेनर रखा है। बताया जाता है कि सलमान खान ने शराब का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया है और कार्बोहाइड्रेट का सेवन भी काफी कम कर दिया है। सलमान खान ने सिकंदर फिल्म से काफी सबक लिया है। अब वह अपनी फिटनेस को लेकर बहुत सतर्क हैं। ऐसे में वह अपना वजन कम करने और आकर्षक दिखने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सलमान खान के वर्कआउट में वेट ट्रेनिंग और दौड़ना शामिल है।

टीवी मसाला



## टीवी के ये शोज रहे आइकॉनिक आज भी जादू बरकरार

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री में कुछ शोज ऐसे रहे हैं, जिनका जादू वर्षों बाद भी बरकरार है। उनमें से एक है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', जो साल 2000 में लॉन्च हुआ था और स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय की जोड़ी को घर-घर में पहचान मिली थी। अब जब इस शो की वापसी का ऐलान हो चुका है और नया सीजन 29 जुलाई से टेलीकास्ट होने जा रहा है, तो आइए नजर डालते हैं उन दूसरे आइकॉनिक सीरियल्स पर जो आज भी दर्शकों की यादों में जिंदा हैं। कहानी घर-घर की में पार्वती और ओम अग्रवाल की इस पारिवारिक कहानी ने उस दौर में हर घर का हिस्सा बन गई थी। साक्षी तंवर ने पार्वती के रूप में एक मजबूत, संस्कारी और दमदार महिला के तौर पर पहचान बनाई। शो ने पारिवारिक मूल्यों को बखूबी दर्शाया और आज भी इसके दोबारा लौटने की चर्चाएं होती रहती हैं। कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा और अनुराग की प्रेम कहानी ने दर्शकों को खूब भावुक किया। शो इतना हिट रहा कि एकता कपूर ने इसका नया सीजन भी लॉन्च किया, हालांकि वो उतना सफल नहीं रहा जितना पुराना सीजन। बालिका वधू में शो बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दे को लेकर आया और पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। आनंदी का किरदार निभाने वाली अविका गौर रातों-रात स्टार बन गईं। शो की सामाजिक प्रासंगिकता आज भी लोगों के जेहन में है। गरीबी और अमीरी के बीच के सामाजिक फासलों को दिखाता उतरन शो दर्शकों से जुड़ गया था। इच्छा और तपस्या की दोस्ती, दुश्मनी और बदलते रिश्तों ने लंबे समय तक लोगों को बांधे रखा।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो की व्यूअरशिप में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के फेमस कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन शुरू हो गया है। इस शो के पहले एपिसोड में सलमान खान, दूसरे एपिसोड में 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट और तीसरे एपिसोड में क्रिकेटर्स दिखाई दिए। लेकिन, चाहकर भी ये लोग पहले जैसे मैजिक क्रिएट नहीं कर पाए। यही कारण है कि शो की व्यूअरशिप में गिरावट देखने को मिल रही है। शो के पहले एपिसोड में सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' का प्रमोशन किया, जिसे 1.6 मिलियन व्यूज और 1.9 मिलियन व्यूइंग ऑवर्स मिले। लेकिन, सीजन 1 के पहले एपिसोड में जब रणबीर कपूर अपनी मम्मी नीतू कपूर के साथ आए थे, तब उनके एपिसोड को 2.4 मिलियन व्यूज मिले थे। दूसरे एपिसोड की बात करें तो, इसकी व्यूअरशिप 2 मिलियन पर सीमित रही। तीसरे एपिसोड जिसमें भारतीय क्रिकेटर्स आए थे उसकी व्यूअरशिप गिरकर 1.2 तक पहुंच गई।व्यूअरशिप में गिरावट चिंता का विषय है, लेकिन फिर भी कपिल शर्मा का ये शो नेटफ्लिक्स के टॉप 10 नॉन-इंग्लिश शोज में बना हुआ है।




## राष्ट्रपति भवन में होगी तन्वी द ग्रेट की स्पेशल स्क्रीनिंग


**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' पुणे में हुई। तब इस फिल्म की तारीफ हुई थी। अब फिल्म को स्पेशल स्क्रीनिंग के जरिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देखेंगीं। फिल्म की रिलीज से पहले 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में होगी। फिल्म की स्क्रीनिंग टीम के लिए खुशी का मौका है। खासकर फिल्म के अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर के लिए, जिन्होंने इसे अपने दिल के करीब बताया है। अनुपम खेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है कि 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग दिल्ली में भारतीस सेन के लिए भी की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा है 'मुझे खुशी होगी कि मैं भारतीय सेना के जनरल उपेंद्र द्विवेदी को यह फिल्म दिखाऊं। क्योंकि, सेना ने न केवल मुझे, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों को सुरक्षित महसूस कराने में अहम भूमिका निभाई है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' ऑटिज्म और भारतीय सेना पर आधारित है।



यह फिल्म पहले ही काफी मशहूर हो चुकी है। इसकी स्क्रीनिंग कान, न्यूयॉर्क, लंदन और ह्यूस्टन में हो चुकी है। फिल्म को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में स्टैंडिंग ओवेशन मिल चुका है। इस फिल्म में अनुपम खेर ने अभिनेत्री शुभांगी के साथ अहम किरदार निभाया है। इसमें करण ठक्कर और बोमन ईरानी ने भी अभिनय किया है। तन्वी द ग्रेट में तन्वी रैना की कहानी दिखाई गई है।

## खंभा फाड़कर निकले महावतार नरसिम्हा, रिलीज हुआ हिंदी ट्रेलर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शंस की नई फिल्म महावतार नरसिम्हा का थिएट्रिकल ट्रेलर लॉन्च हो गया है। यह फिल्म भव्य दृश्यों, रोमांचक कहानी और शानदार प्रस्तुति के साथ एक अनोखा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। यह महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म है, जो भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित है। कहानी भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकश्यप के बीच संघर्ष पर केंद्रित है। हिरण्यकश्यप को भगवान ब्रह्मा से अमरता का वरदान मिला है, लेकिन वह आस्था के खिलाफ हो जाता है। प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु अपने नरसिंह अवतार में प्रकट होते हैं। ट्रेलर में शानदार दृश्य और जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों को एक नया अनुभव देने का वादा करते हैं। साथ ही ट्रेलर में वीएफएक्स का कमाल वाकई शानदार दिखाई दिया।



***महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की योजना** : मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माताओं ने अगले 10 साल के लिए महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की योजना भी साझा की, जिसमें भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों पर फिल्में बनेंगी। जिनमे महावतार नरसिम्हा (2025), महावतार परशुराम (2027), महावतार रघुनंदन (2029), महावतार धावकादेश (2031), महावतार गोकुलानंद (2033), महावतार कल्कि भाग 1 (2035) और महावतार कल्कि भाग 2 (2037) शामिल हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशाल देसाई और चैतन्य देसाई ने मिलकर बनाया है। यह फिल्म 25 जुलाई 2025 को हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं और 3डी में रिलीज होगी।*

### उन चंद गीतकारों में से एक हैं, जिन्हें हिंदी फिल्म गीतों में योगदान के लिए जाना जाता है

# रफी और लता जैसे गायकों ने दी असद भोपाली के गानों को आवाज

*नई दिल्ली। असद भोपाली उन चंद गीतकारों में से एक हैं, जिन्हें हिंदी फिल्म गीतों में अपने योगदान के लिए जाना जाता है। पहले लोग उन्हें बेहतरीन शायर के लिए जानते थे। इसके बाद फिल्मों में बेहतरीन गाने लिखने के लिए जानने लगे। उनकी गानों को मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों ने गाया है। उन्हें सबसे अच्छे गीतकार के लिए अवार्ड भी मिला है।*



### इस तरह फिल्मों में मिला काम

असद भोपाली का जन्म 10 जुलाई 1921 को मध्य प्रदेश के जिला भोपाल में हुआ था। उनका बचपन का नाम असदुल्लाह खान था। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे। साल 1949 में फिल्म निर्माता की जोड़ी फाजली ब्रदर्स फिल्म 'दुनिया' पर काम कर रहे थे। उनकी फिल्म के गीतकार आरजू लखनवी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के वक्त पाकिस्तान चले गए। उस वक्त तक फिल्म के सिर्फ दो गाने लिखे हुए थे। फाजली ब्रदर्स नए गीतकार की तलाश कर रहे थे। तभी उनकी नजर में असद भोपाली आए।

### मुशायरे के जरिए फिल्म निर्माता ने किया पसंद

कारोबारी सुगम कपाड़िया जो भोपाल में कुछ नए सिनेमाघरों के मालिक थे, ने फाजली ब्रदर्स को बताया कि भोपाल में कई अच्छे कवि हैं। उन्होंने उन्हें सुझाव दिया कि आप भोपाल आकर मुशायरे में हिस्सा लें और अच्छे कवि या गायक की तलाश करें। फाजली ब्रदर्स सहमत हो गए। 5 मई 1949 को कपाड़िया ने भोपाल टॉकीज में एक मुशायरा आयोजित कराया। कई शायरों के साथ असद भोपाली ने भी इस मुशायरे में हिस्सा लिया और शेर पढ़े। फाजली ब्रदर्स, असद भोपाली के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने असद भोपाली को बॉम्बे बुलाया।



**असद भोपाली की रचनाएं** : असद भोपाली ने फिल्म 'रंगभूमि' के लिए गीत लिखे थे। यह फिल्म उनके निधन के बाद 1992 में रिलीज हुई थी। उनकी कविताओं का एक संग्रह रोशनी, धूप, चांदनी 1995 में भोपाल की उर्दू अकादमी से प्रकाशित किया गया। असद भोपाली का निधन 9 जून 1990 को भोपाल में हुआ।

### सबसे अच्छे गीतकार के लिए पुरस्कार

असद भोपाली का नाम मजरूह सुल्तानपुरी, साहिर लुधियानवी और जां निसार अख्तर जैसे गीतकारों के साथ लिया जाता है। अपने लिखे गानों के जरिए उन्होंने शोहरत कमाई। असद भोपाली को सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए 1990 में 35वां फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। उन्हें यह पुरस्कार 'मैंने प्यार किया' (1989) के गाने 'दीवाना के लिए' के लिए दिया गया।

### मोहम्मद रफी ने गाया पहला गाना

निर्माताओं के कहने पर असद भोपाली ने फिल्म 'दुनिया (1949)' के लिए दो गाने लिखे। उनके पहले गाने 'रोना है तो चुपके-चुपके' को मोहम्मद रफी ने गाया और 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' को सुरैया ने गाया। अगले साल उन्होंने फिल्मों के लिए कुछ और गाने लिखे। इन गानों को लता मंगेशकर और शमशाद बेगम ने गाया था। असद भोपाली को सबसे बड़ा ब्रेक फिल्म 'अफसाना' (1951) में मिला। इस फिल्म के लिए उन्होंने पांच गाने लिखे।

### 400 से ज्यादा फिल्मों में लिखे गाने

असद भोपाली ने अपने दौर में कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया। उन्होंने लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की पहली रिलीज हुई फिल्म 'पारसमणि' के लिए मशहूर गाना 'वो जब याद आए, बहुत याद आए' लिखा। उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर उषा खन्ना के साथ काम किया। उन्होंने भोपाली के कई गानों को संगीत दिया। साल 1949 से लेकर 1990 तक असद भोपाली ने 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने लिखे।

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड शिक्षिका को महिला मोर्चा ने किया सम्मानित



**मनेन्द्रगढ़।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हसदेव मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अंजू उरमलिया द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती कमल गुप्ता जी का गुरू सम्मान कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा हसदेव मंडल की अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहीं। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती साधना केवट, श्रीमती ममता सिंह, मीनू पटेल, अर्चना उरमलिया, अंजलि विश्वकर्मा, बीना वैष्णव, सुनीता यादव, वंदना विश्वकर्मा, श्रीमती गैस भाई तथा श्रीमती मुन्नी श्रीवास्तव शामिल रहीं। गुरूजन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

### केदमा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**केदमा।** सामुदायिक भवन केदमा मे शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। केदमा अंतर्गत आने वाले पांचो स्कूलों ने एक साथ प्रवेश उत्सव मनाया जिसमें प्राथमिक शाला केदमा, बालक आश्रम,माध्यमिक शाला केदमा, हाई स्कूल केदमा एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल है। सभी नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर मुख्य अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती कृतिका सिंह ने कहा की बच्चों को पढ़ाना हर मां-बाप का सपना होता है और इस सपने को साकार करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। विशिष्ट अतिथि बृजेश चतुर्वेदी ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना जीवन संभव नहीं है देश एवं दुनिया आज शिक्षा के बल पर काफी आगे निकल चुकी हैं। बच्चे देश के भविष्य हैं सरकार भी बच्चों के शिक्षा के लिए पहले से आठवीं तक किताबें गणवेश एवं मध्यान भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करा रही है जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो और उन्हें समय-समय पर छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। हाई स्कूल की बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्राचार्य कोमल धुर्वे ने कहा की सभी को शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए और माता-पिता अपने बच्चों के ऊपर शिक्षा के लिए हमेशा ध्यान दें। सत्र 2024 25 में बोर्ड परीक्षा में प्रथम आए छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह ने एक-एक हजार रुपए देकर सम्मानित किया। इस दौरान रामलाल सिंह, दीनानाथ यादव, बंधनों बाई, परतो राम तिर्की, प्रदीप चतुर्वेदी, खुश चंद साहू, प्रदीप, अनूप विश्वास, गुलाब दास, सिलिकॉन लकड़ा, बबलू तिग्गा, सुचित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अजब नगर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**मदनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजब नगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि एमडीसी के अध्यक्ष संदीप सरकार,प्रिंसिपल श्रीमती बिरजनिया केरकेट्टा, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह, अजीत समादार, श्यामल दास की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने पहली, 6 वीं व 9वी में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर ,मीठा खिलाकर एवं पुस्तक व ड्रेस वितरण कर स्वागत किया। अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। वहीं एक पौधा मां के नाम पर सभी अतिथि और शिक्षकों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में मंच संचालक दामिनी ने किया।

## बुंदेली में शाला प्रवेशोत्सव और समाधान शिविर

# ज्ञान के बिना मानवता का कोई अस्तित्व नहीं- श्यामबिहारी

**शाला प्रवेशोत्सव और समाधान शिविर, गुरू पूर्णिमा पर गुरुजन सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत बुंदेली में गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हायर सेकेंड्री स्कूल बुंदेली के ग्राउंड में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव और समाधान शिविर का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा ने की। साथ ही जनपद सदस्य सुरेन्द्र सिंह मरकाम, सरपंच श्रीमती हेमा रघुनाथ सिंह पोयाम, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, एसडीएम लिंगराज सिदार सहित बंजी और बुंदेली ग्राम पंचायतों के सरपंच-पंच, जनपद सदस्यगण, अन्य जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि गुरू नहीं तो ज्ञान नहीं, और ज्ञान के बिना मानवता का कोई अस्तित्व नहीं। उन्होंने संत कबीर की अमर वाणी गुरू गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए का उल्लेख करते हुए गुरू-शिष्य परंपरा की महत्ता बताई और कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों और परंपराओं से जुड़ने को कहा है। वहीं शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों कक्षा 5 वीं से कु. रीता, मुक्तान सिंह, कुमारी ललिता, कुमारी खुशी, समन सिंह और कुमारी सोनी, कक्षा 8 वीं से पूनम देवी, कुमारी सीता और सुषमा, कक्षा 10 वीं से कुमारी संजना देवी और विनोद कुमार एवं कक्षा 12 वीं से



### गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरुजन सम्मान

इस अवसर पर सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक योगदान के लिए गुरू सम्मान समारोह में नवल दास मानिकपुरी (गायक), श्रीमती अनुसूइया मानिकपुरी (गायिका), शिवनाथ यादव (प्राध्यापक) और डॉ. विनोद पाण्डेय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुश्री बबीता सिंह, आनंद कुमार भगत, शिव दीवान, श्रवण सिंह, जगदीश सिंह, प्रमेश्वर सिंह, पन्नीलाल यादव, जयमंगल सिंह, सरकील यादव, शिव देवगन, मोहन, जयलाल करयाम, उदयभान, जगदीश प्रसाद, मोहन कुर्रे, रामसिंह, बेन सिंह, इंदु पटेल, विनोद गुप्ता, धीरेन्द्र विश्वकर्मा और उमेश जायसवाल सहित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख द्वारा किया गया।



### वनाधिकार पट्टा का किया वितरण

वहीं शाला प्रवेशोत्सव के साथ आयोजित समाधान शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा 14 छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कक्षा 6 वीं में 22 और कक्षा 7 वीं में 5 विद्यार्थियों ने नव प्रवेश लिया, जिनका पारंपरिक रूप से स्वागत हुआ। शिविर में वन विभाग द्वारा 34 पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा भी वितरित किया गया।



## उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के 25 लक्षणों पर चर्चा

- **स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की समन्वय बैठक**

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए गुरूवार को महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला परियोजना अधिकारी जेआर प्रधान सहित दोनों विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के 25 प्रकार के लक्षणों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह तय किया गया कि यदि गर्भवती महिला में इन 25 में से कोई भी लक्षण पाया जाता है, तो उसे विशेष निगरानी में रखा जाएगा। उसके लिए समय-समय पर उपचार, पौष्टिक आहार और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. चतुर्वेदी ने निर्देशित किया कि महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें। सभी गर्भवती माताओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच कर आवश्यकतानुसार आयरन- फोलिक एसिड तथा कोरिया मोदक लड्डू और प्रोटीनयुक्त आहार उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त कम वजन वाले शिशुओं केजन्म को रोकने के लिए स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं को सामूहिक काउंसलिंग करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं सीडीपीओ तथा सेक्टर स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक और पर्यवेक्षकों की नियमित अंतरविभागीय बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता नाटक



**बैकुण्ठपुर।** विश्व स्तर पर जनसंख्या विस्फोट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के जीएनएम नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एक जागरूकता नाटक का आयोजन किया गया।

इस नाटक के माध्यम से छात्रों ने देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त की और दर्शाया कि किस प्रकार भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच चुका है। नाटक में यह भी बताया गया कि बढ़ती जनसंख्या के चलते शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और संसाधनों पर किस प्रकार दबाव बढ़ रहा है। छात्रों ने अपने अभिनय के जरिए यह संदेश दिया कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में देश को गंभीर सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे जैसे कि परिवार नियोजन, शिक्षा और जन-जागरूकता। कार्यक्रम को देखकर उपस्थित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए बेहद उपयोगी बताया।

## टीबी मरीजों को पोषण आहार देने आगे आए जनप्रतिनिधि

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए की गई निक्षय मित्र बनने की अपील का असर दिखे लगा है। अब जनप्रतिनिधि भी इस पुनीत कार्य में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े एवं सभापति श्रीमती सुषमा कोराम द्वारा जिले के 16 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें 6 माह तक पोषण आहार देने का संकल्प लिया गया। ये सभी सहायता अपने-अपने जिला पंचायत मानदेय से प्रदान की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने 6 मरीजों को गोद लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने 5 मरीजों की जिम्मेदारी ली। जिला पंचायत सभापति श्रीमती सुषमा कोराम ने भी 5 मरीजों को गोद लेकर सहायता की शुरूआत की। श्री पैकरा ने कहा कि टीबी मरीजों की सेवा मानवता की सेवा है। कोई भी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बनकर इस कार्य में जुड़ सकता है। वहीं श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके प्रयासों से हम अपने क्षेत्र के लोगों की मदद कर पा रहे हैं। सभापति श्रीमती सुषमा कोराम ने कहा कि कोरिया जिले के हर अभियान का हिस्सा बनकर हम जनसेवा के लिए तत्पर हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले में 113 टीबी मरीज नियमित दवा ले रहे हैं। सामान्य टीबी की दवा का कोर्स 6 माह तक चलता है और इस अवधि में मरीजों को पर्याप्त पोषण आहार की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीबी की जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क है। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जेआर प्रधान, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, बीएमओ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण, 56 का चयन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में शुक्रवार को एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई। चयन प्रक्रिया के दौरान दौड़, शारीरिक परीक्षण और लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 56 कैडेट्स का चयन किया गया। एनसीसी की यह भर्ती 1 छग बटालियन एनसीसी कोरबा के तत्वावधान में संपन्न हुई।

प्रक्रिया का संचालन कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस के निर्देशन और सूबेदार मेजर डूंगर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कोरबा से आए सूबेदार जनरैल सिंह एवं हवलदार परमजीत सिंह द्वारा भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को संपन्न किया गया। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में सभी अभ्यर्थियों का शारीरिक प्रशिक्षण, ऊंचाई, वजन मापन एवं शारीरिक परीक्षण (पुश-अप, सीट-अप आदि) संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार जनरैल सिंह ने कैडेट्स को सेना में अनुशासन, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की महत्ता को समझाया और प्रेरित किया कि वे आगामी दो वर्षों तक समर्पण के साथ प्रशिक्षण लें।

वहीं हवलदार परमजीत सिंह ने सैनिकों के स्वास्थ्य रहन-सहन से जुड़े उपयोगी टिप्स देते हुए मानसिक एवं शारीरिक संतुलन बनाए रखने पर बल दिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो ने चयनित कैडेट्स को देशभक्ति, भाईचारा, नेतृत्व एवं साहस जैसे गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

## कटकोना कोल माइंस में हड़ताल का रहा असर

**पटना।** कटकोना सहक्षेत्र स्थित कोल खदानों में बुधवार को संयुक्त कोयला श्रमिक संगठन के बैनर तले एक दिवसीय अखिल भारतीय आम हड़ताल का आयोजन किया गया।



मजदूरी संहिता, औद्योगिक संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, व्यावसायिक सुरक्षा व स्वास्थ्य संहिता में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में तथा कोल कंपनी के निजीकरण और ठेका मजदूरों के एचपीसी के तहत भुगतान की मांग को लेकर श्रमिक संगठनों ने कोल उत्पादन और परिवहन कार्य पूरी तरह ठप कर दिया। सीटू, एचएमएस, इंटक और एटक से जुड़े सैकड़ों श्रमिकों ने कटकोना कोल माइंस के सामने प्रदर्शन करते हुए पूर्ण चक्काजाम किया। हड़ताल के कारण न केवल कोल ट्रांसपोर्टिंग प्रभावित हुआ बल्कि खदान से कोयला उत्पादन भी पूरी तरह बंद रहा। हड़ताल में विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से सीटू से राजा राम जांता, रमेश जांता, एचएमएस से योगेन्द्र मिश्रा, प्रदीप सिंह, इंटक से रमेश कुमार, चंद्रशेखर साहू, एटक से सुनील विश्वकर्मा, शेषमणि पटेल, शिव प्रसाद, रमाकांत देवांगन हड़ताल के दौरान श्रमिकों ने सरकार से मांग की कि कोल में किए जा रहे श्रमिक विरोधी बदलाव वापस लिए जाएं और कोल इंडिया में निजीकरण पर रोक लगाई जाए।

## सेजेस महलपारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विविध सांस्कृतिक और भावनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के लिए स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों ने शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधान पाठक रीमा जायसवाल ने विद्यार्थियों को गुरू के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं वह मेरे गुरूओं की तपस्या और मार्गदर्शन का फल है। विद्यार्थियों को अपने गुरू का सदा सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता शिल्पी सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि गुरू वह दीपक है



जो स्वयं जलकर समाज को प्रकाशमय करता है। हमें अपने माता-पिता को प्रथम गुरू मानते हुए जीवन में शिक्षकों का सदा सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरणा दी। उन्होंने तुलसीदास जी का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन्होंने हनुमान जी को गुरू माना, उन्होंने सदा अपने गुरू का सम्मान किया और इसी वजह से उन्हें इतिहास में अमरता मिली।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

एक ही दिन दो मासूम सहित एक दर्जन लोगों को किया जख्मी

## नगर में आवारा कुत्ता के आतंक से सहमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




नगर सहित आसपास क्षेत्रों में एक बार फिर आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। जिस तरह से आवारा कुत्ता की संख्या में वृद्धि हो रही है वह अब नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

आवारा कुत्ता के आतंक से नगर के लोग उस समय सहम गए जब एक आवारा कुत्ता ने न सिर्फ दो मासूम पर जानलेवा हमला कर दिया बल्कि अलग अलग क्षेत्र में लगभग एक दर्जन लोगों काट जख्मी कर दिया। दो मासूम सहित अन्य घायलों को रामानुजगंज अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां घायलों का उपचार चल रहा है। आवारा कुत्ता के काटने की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कुत्ता ने कई लोगों पर हमला कर चुका है। आए दिन कुत्ता के काटने की घटना होने के बावजूद किसी प्रकार की सुरक्षा की पहल नहीं किए जाने से लोग चिंतित है। कुछ दिनों से लगातार रामानुजगंज में कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है जो नगर वासियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। नगर का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां गली मोहल्लों में आवारा कुत्ता का झुंड नजर न आता हो। यह झुंड अचानक ही छोटे बड़े पालतू मवेशियों के अलावा बाइक व पैदल चलने वालों पर हमला कर देते है। मंगलवार को उस समय लोग सहम गए जब 12 बटालियन मुख्यालय में घुसे कुत्ता ने बटालियन परिवार के 2 वर्षीय मासूम अनीशा शांडिल्य आ. जयप्रकाश पर अचानक हमला कर गर्दन में काट लिया। गनीमत था की लोगों ने कुत्ता को काटते देख उसे भगाया और मासूम की जान बचाई। इस बीच आवारा कुत्ता ने आयुष आ.रामप्रताप (5 वर्ष), आकाश निराला आ. नरेश निराला (30 वर्ष) को भी काट कर घायल कर दिया। इधर जब सागर गैस एजेंसी में कार्य करने वाले सूरज अग्रवाल पानी पीने जा रहा था तभी उसे कुत्ता ने काट घायल कर दिया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 13 के विजय रवि (50 वर्ष) को भी कुत्ता ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### भयभीत हो रहे लोग

अचानक बटालियन में दाखिल हुए कुत्ता के लोगों पर अचानक हमला करने से लोग भयभीत हो गए। एक के बाद एक लगातार हमला कर लोगों के काटने से लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कुत्ता के काटने से सबसे अधिक छोटे बच्चे घायल हुए। कुत्ता ने लगभग एक दर्जन लोगों पर हमला किया था जिसमें चार बच्चे शामिल है। जितने भी बच्चे को कुत्ता ने काटा गया वह बहुत ही खतरनाक तरीके से काटा था।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411